31,542 एमएसएमई इकाइयों को योगी ने दिए 2505 करोड़

एक माह में जिलों में लगाएं ऋण मेला जनप्रतिनिधि जुड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर नियंत्रित होने के बाद योगी सरकार औद्योगिक-आर्थिक गतिविधियों को और तेज करना चाहती है। इसके लिए सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा आयोजित आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 31,542 एमएसएमई इकाइयों को 2505.58 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया। इसके साथ ही भदोही, मुरादाबाद, गाजियाबाद, मीरजापुर, मैनपुरी, मऊ, आगरा, बिजनौर और मुजफ्फरनगर के 73.54 करोड़ रुपये के एक जिला एक उत्पाद सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) का शिलान्यास व पोर्टल का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास से आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कहा कि एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में अच्छा काम किया है। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में राहत मिलते ही एमएसएमई इकाइयों के लिए आनलाइन ऋण मेले का आयोजन सराहनीय है। योगी ने इसी तर्ज पर एक महीने में सभी 75 जिलों में भी ऋण मेले आयोजित कर उनसे प्रभारी मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक आदि को भी जोड़ने का निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण के पहले चरण में भी बैंकों के साथ समन्वय करके एमएसएमई इकाइयों को मजबूत करने के लिए बड़ी मात्रा में ऋण वितरण किया गया था, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार हुए। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश होने के बावजूद यहां बेरोजगारी की दर सबसे कम है। सरकार ने चार लाख से अधिक युवाओं को राजकीय सेवाओं में नौकरी दी है, जबकि एमएसएमई के माध्यम से डेढ़ करोड़ रोजगार दिए गए।

लाभार्थियों से बात कर बढ़ाया हौसला : योगी ने सामान्य सुविधा केंद्रों से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और विभिन्न स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थियों से संवाद किया। इनमें भदोही वूलेन एसोसिएशन, आगरा शू आर्टिजंस एसोसिएशन और गाजियाबाद के एकेजी फाउंडेशन फार इनोवेशन एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट के प्रतिनिधि शामिल थे। इसी तरह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी गोरखपुर के शम्सुद्दीन मोहम्मद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की लाभार्थी वाराणसी निवासी मंदाकिनी प्रकाश, ललितपुर के आकाश जैन, मथुरा की अनुष्का, एक जिला एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के लाभार्थी प्रयागराज निवासी स्वास्तिक गुप्ता और कानपुर देहात के ज्ञान सिंह कुशवाहा से भी बात की। उनके कामकाज की जानकारी लेकर हौसला भी बढ़ाया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत पांच लाभार्थियों को टूलकिट भी दिए गए।

लखनऊ में बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम के अवसर पर ओडीओपी सीएफसी योजना के पोर्टल का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौजन्य : सूचना विभाग

गतिविधियां तेज

- आनलाइन स्वरोजगार संगम में नौ जिलों के सीएफसी का सीएम ने किया शिलान्यास
- सरकार ने चार लाख से भी अधिक युवाओं को राजकीय सेवाओं में दी है नौकरी

1.5 करोड़ रोजगार दिए गए एमएसएमई के माध्यम से

देश भर में सरकार की पहल की चर्चा : सिद्धार्थनाथ

एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एमएसएमई विभाग ने चार वर्षों में स्थानीय हुनर के माध्यम से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर तैयार किए हैं। आनलाइन स्वरोजगार संगम कार्यक्रम के माध्यम से एमएसएमई इकाइयों को ऋण दिया गया। देश भर में इस पहल की चर्चा हो रही है। इसी तरह ओडीओपी योजना को दुनिया में सराहना मिली है। कार्यक्रम को विभाग के अपर मुख्य सचिव डा.नवनीत सहगल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल भी उपस्थित थे।